दैनिक जागरण 02/09/2022

# जीएमएन कालेज में हवन से नया सत्र आरंभ



जीएमएन कालेज में शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर हवन में शामिल प्रिंसिपल व अन्य। सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में नए सत्र 2022-23 का शुभारंभ हवन से किया गया। इस अवसर पर सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थी मौजूद रहे। प्राचार्य डा. वीके जैन ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नए सत्र में विद्यार्थियों को शपथ लेनी चाहिए कि वह पूरे वर्ष मन लगाकर पढ़ाई करेंगे ताकि परीक्षा परिणाम बेहतर आ सके। प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान के शब्दों से प्रबुद्ध किया। इस मौके पर डा. अमित, डा सीमा कंसल, आइक्यूएसी कोआर्डिनेटर डा. रचना खन्ना, डा. राजेंद्रा सहित अन्य मौजूद रहे।